# प्रादेशिक समाचार

## दिनांक– 10.04.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. राज्य में जल्द पूरी होगी 35 हजार शिक्षकों की बहाली प्रक्रिया, हाई स्कूल और प्लस टू शिक्षकों का अब एक होगा कैडर, नियमावली तैयार कर रहा स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग ।
2. शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने कहा– राज्य के कॉलेजों में पढ़ने वाले छात्रों को इंटर्नशिप करने के लिए भेजा जाएगा गांव, दिए जाएंगे 10 हजार रुपये भी।
3. पलामू जिले में खुलेगा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड का क्षेत्रीय कार्यालय, केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्रालय ने दी स्वीकृति।
4. झारखंड समेत देशभर में मनाई जा रही है 24वें और अंतिम जैन तीर्थंकर भगवान महावीर जयंती; रांची, खूंटी, सिमडेगा, जमशेदपुर और धनबाद समेत अन्य जिलों में निकली शोभायात्रा।
5. मौसम विभाग ने राजधानी रांची, गुमला और देवघर समेत राज्य के अधिकतर हिस्सों में आज और कल तेज हवा के साथ बारिश होने की जताई संभावना, मेघ गर्जन और वज्रपात की भी आशंका।

*****************

झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता और प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा है कि राज्य में जल्द ही 35 हजार शिक्षकों की बहाली होने जा रही है। उन्होंने कहा कि हाई स्कूल और प्लस टू शिक्षकों का अब एक कैडर होगा, जिसके लिए स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग नियमावली तैयार कर रहा है।

इधर, भाजपा नेता और हटिया के विधायक नवीन जायसवाल ने राज्य कैबिनेट के उस फैसले पर सवाल उठाया है, जिसमें करीब नौ हजार शिक्षकों के स्वीकृत पद को समाप्त कर दिया गया है।

*****************

शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने कहा है कि राज्य के कॉलेजों में पढ़ने वाले छात्रों को इंटर्नशिप करने के लिए अब गांव भेजा जाएगा। इसके लिए छात्रों को सरकार 10 हजार रुपये भी देगी। श्री सोरेन जमशेदपुर में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

*****************

पलामू जिले में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड का क्षेत्रीय कार्यालय खोला जाएगा। केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्रालय ने इसकी स्वीकृति प्रदान कर दी है। राज्य में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड का यह छठा क्षेत्रीय कार्यालय होगा। बोर्ड के सदस्य सचिव राजीव लोचन बक्शी ने एक महीने के अन्दर प्रमंडलीय मुख्यालय में बोर्ड के कार्यालय का संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। इस क्षेत्रीय कार्यालय से पलामू, गढ़वा और लातेहार खनन इकाई, अस्पताल और प्रदूषण फैलाने वाली अन्य इकाइयों की नियमित जांच हो पायेगी।

*****************

धनबाद स्थित शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में कल रात शिशु रोग विभाग के डॉक्टर के साथ मरीज के परिजनों ने मारपीट की, जिसके विरोध में चिकित्सकों ने आज कार्य बहिष्कार कर दिया है। इमरजेंसी में भी पहुंचने वाले मरीजों को लौटा दिया गया, जिससे मरीज और उनके परिजन परेशान रहे। हालांकि आज दोपहर से डॉक्टर काम पर लौट गए हैं।

*****************

पाकुड़ जिले में पुलिस ने विभिन्न थाना क्षेत्रों में कोयला चोरी की रोकथाम के लिए विशेष छापेमारी अभियान चलाया है। जिले के पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने बताया कि इस छापेमारी के दौरान चोरी का कोयला ले जा रहे 13 मोटरसाइकिल और 38 साइकिल को जब्त किया गया है।

*****************

24वें और अंतिम जैन तीर्थंकर भगवान महावीर जयंती आज झारखंड समेत देशभर में मनाई जा रही है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने इस अवसर पर जैन समुदाय को शुभकामनाएं दी हैं। यह जैन समुदाय के सर्वाधिक पवित्र दिनों में से एक है। भगवान महावीर के अनुयायी आज के दिन प्रार्थनाओं का मंत्रोचार तथा प्रसाद वितरण भी कर रहे हैं। जैन समुदाय के लोगों ने रांची, खूंटी, सिमडेगा, जमशेदपुर और धनबाद समेत अन्य जिलों में शोभा यात्रा भी निकाली है। राज्य भर में आज महावीर जयंती के दिन मांसाहार और मदिरा की दुकानें बंद रखने के आदेश दिए गए हैं।

*****************

कोडरमा जिले में इन दिनों हाथियों के झुंड से ग्रामीण इलाकों के लोग दहशत में हैं। पिछले एक महीने में 25 से 30 हाथियों के झुंड ने अबतक दो दर्जन से अधिक घरों को क्षतिग्रस्त कर दिया है। इसके अलावा सैंकड़ों एकड़ में लगी फसल को भी इन हाथियों ने भारी क्षति पहुंचाई है। जिले के वन प्रमंडल पदाधिकारी सौमित्र शुक्ल ने बताया कि हाथियों को गांव से जंगलों की ओर खदेड़ने के लिए 18 लोगों की एक विशेष टीम बनाई गई है।

*****************

देवघर से पटना की सीधी ट्रेन सेवा जल्द शुरू होने की संभावना है।

*****************

राजधानी रांची के टाटीसिलवे में आज एक गड्ढे से दो युवकों का शव बरामद किया गया है। पुलिस ने बताया कि ये दोनों शव सड़क निर्माण के लिए बनाए गए गड्ढे से मिले हैं। घटनास्थल से एक हथियार और मोटरसाइकिल भी बरामद हुए हैं।

*****************

वैश्विक बाजारों में आर्थिक अनिश्चितताओं के बावजूद, भारत का माल और सेवा निर्यात वित्तीय वर्ष 2024–25 में रिकॉर्ड आठ सौ बीस अरब अमरीकी डॉलर को पार कर गया है। वाणिज्य मंत्रालय के अनुसार पिछले वित्तीय वर्ष में यह आंकड़ा सात सौ 78 अरब डॉलर था। उभरते व्यापार परिदृश्य पर चर्चा करने के लिए नई दिल्ली में निर्यात संवर्धन परिषदों और उद्योग निकायों के साथ वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल द्वारा आयोजित बैठक में ये आंकड़े सामने आए।

*****************

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोना का भाव 85 हजार पांच सौ इक्यानबे रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख एक हजार पांच सौ छप्पन रुपये प्रति किलो है।

*****************

मौसम विभाग ने राजधानी रांची, गुमला और देवघर समेत राज्य के अधिकतर हिस्सों में आज और कल तेज हवा के साथ बारिश होने की संभावना जताई है। इस दौरान मेघ गर्जन और वज्रपात होने की भी आशंका है। इसे लेकर ऑरेंज अलर्ट भी जारी किया गया है। रांची स्थित मौसम केंद्र के अनुसार, बंगाल की खाड़ी से आ रही नम हवा के कारण राज्य के मौसम में बदलाव दिख रहा है।

*****************